हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 6 मई, 2025

11 शिकायत पर लिया संज्ञान, गेहूं में नमी की मात्रा व उठान कार्य...



12 मनोहर लाल का जीवन समाज के लिए एक प्रेरणा :



## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की मासिक बैठक आज

**फतेहाबाद।** रिटायर्ड कर्मचारी संगठन फतेहाबाद की मासिक बैठक 6 मई मंगलवार को प्रातः 10 बजे पुराना बस स्टैण्ड, जाट धर्मशाला के पास स्थित रेस्ट हाऊस में होगी। इस मीटिंग में रिटायर्ड कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी देते हुए संगठन के महासचिव सुभाष चन्द्र चौहान ने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज करेंगे वहीं निहाल सिंह मताना विशेष तौर पर भाग लेंगे।

### आजाद नगर से युवक डोडा पोस्त सहित काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए शहर फतेहाबाद पुलिस ने आजाद नगर से एक युवक को डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रमोद उर्फ प्रमोदी पुत्र प्रताप सिंह निवासी गली नं. 8, आजाद नगर फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### गांजा सहित एक महिला को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशामुक्त अभियान के तहत जिला पुलिस ने एक महिला को गांजा सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार महिला की पहचान कमला पत्नी मंगत निवासी माजरा के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि पुलिस टीम एसआई दयाराम के नेतृत्व में नशा तस्करों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान भूना रोड बाईपास पुल पर पहुंची तो सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

### फतेहाबाद व रतिया क्षेत्र से दो युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले में फतेहाबाद व रतिया क्षेत्र से दो युवतियों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव बनगांव निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 30 पुत्रवधू गत दिवस सुबह दवाई लेने के लिए फतेहाबाद गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने काफी जगह उसकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला।

### प्री-सुब्रतो फुटबॉल कप की स्टेट चैम्पियनशिप 27 से

**भूना।** प्री-सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप की 15 वर्ष आयु वर्ग लडक़ों की चार दिवसीय स्टेट चैम्पियनशिप 27 जून से 30 जून तक भूना, जिला फतेहाबाद में होगी। इस चैम्पियनशिप की विजेता टीम 17 अगस्त से 25 सितंबर तक बैंगलोर में प्रस्तावित राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग ले सकेगी। जिला फुटबॉल एसोसिएशन फतेहाबाद के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय मुकाबले 15 जून से 20 जून तक होंगे।

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के रानियां थाना क्षेत्र के गांव बणी नंबर 5 एक युवक को हजारों रुपए की 7 ग्राम 19 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम के प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान कर्मजीत सिंह उर्फ कर्मू पुत्र निक्का सिंह निवासी पंचकुला मोहल्ला गांव बणी नंबर 5 जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव बणी से होते हुए हनुमानगढ़ रोड़ की तरफ जा रहे थी।

---

### निर्माण कार्यों में भी नहीं हो सकता पीने के पानी का प्रयोग

# पेयजल के दुरुपयोग को रोकने के लिए मैदान में उतरी टीम

### घर पर वाहन धोने पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



**सिरसा।** पेयजल कनेक्शनों की जांच करती टीम। फोटो : हरिभूमि

गर्मी के मौसम में पेयजल किल्लत से निपटने के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने शहरी क्षेत्र में पानी की बर्बादी रोकने और पानी के दुरुपयोग को रोकने को लेकर अभियान चलाया है। उपमंडल अधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने अवैध कनेक्शनों की भी जांच शुरु की है। सोमवार को विभागीय टीम ने बेगू रोड पर कार्रवाई करते हुए 21 संस्थानों को नोटिस जारी किए हैं। जल एवं स्वच्छता सहायता संगठन के जिला सलाहकार राकेश सोगलान ने बताया कि बेगू रोड के 13 सर्विस/वाशिंग स्टेशन पर वाटर सप्लाई से पानी लिया जा रहा था, जिन्हें अब नोटिस जारी कर दिया गया है, इसके अलावा चार होटल, एक पेट्रोल पंप दो फैक्ट्री व एक मैरिज पैलेस में भी घरेलू पेयजल कनेक्शन पाया गया है। उन्होंने बताया कि नियमानुसार होटल, पेट्रोल पंप, फैक्ट्री और मैरिज पैलेस में कॉमर्शियल कनेक्शन लिया जा सकता है, घरेलू पेयजल कनेक्शन से पानी की उपलब्धता पूरी नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि सभी को सात दिन का समय देते हुए कनेक्शनों को कॉमर्शियल में बदलाने या फिर स्वयं द्वारा पानी का प्रबंध करना होगा। यदि इस समय अवधि में कनेक्शनों को वैध करवाने की कार्यवाही नहीं की गई तो संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाही अमल में लाई जाएगी।

#### सर्विस/वाशिंग स्टेशन पर नहीं हो सकता पेयजल कनेक्शन

*जिला सलाहकार राकेश सोगलान ने बताया कि किसी भी सर्विस/वाशिंग स्टेशन पर विभागीय नियमों के अनुसार वाटर सप्लाई का कनेक्शन नहीं हो सकता। सर्विस/वाशिंग स्टेशन संचालक को खुद पानी का प्रबंध करना होता है, यहां कॉमर्शियल कनेक्शन भी नहीं दिया जा सकता है, ऐसे में जिन सर्विस/वाशिंग सेंटरों ने कनेक्शन ले रखें है, उन्हें हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि पेयजल कनेक शन से कोई व्यक्ति कार या वाहन घर पर धो रहा है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी और नियमानुसार ढाई हजार रुपये का जुर्माना किया जाएगा। ऐसे उपभोक्ता का पेयजल कनेक्शन भी काटा जा सकता है। निर्माण कार्यों में भी घरेलू पेयजल कनेक्शन से पानी नहीं लिया जा सकता है, ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।*

---

# 11.50 करोड़ का सफाई टेंडर, उठे सवाल

- सफाई मे पालिका के पहले से काम कर रहें 70 से ज्यादा सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

नगर पालिका भूना ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सात साल का टेंडर निकाला है। इसकी अनुमानित लागत 11.50 करोड़ रुपये है। यह टेंडर 3 जून तक भरा जा सकता है। नगरपालिका सचिव दीपक कुमार, चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा और वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी ने बताया कि यह फैसला सफाई व्यवस्था में निरंतरता और पारदर्शिता लाने के लिए लिया गया है। बार-बार टेंडर प्रक्रिया दोहराने से जो दिक्कतें आती थीं, उनसे राहत मिलेगी। हर साल करीब 1.64 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भूना जैसे छोटे कस्बे में इतनी बड़ी राशि खर्च करने को लेकर सवाल उठने लगे हैं। शहरवासी हरपाल सिंह, रमन सिंह और दिनेश कुमार का कहना है कि यह रकम बड़े शहरों के लिए तो ठीक हो सकती है, लेकिन भूना के लिए यह खर्च ज्यादा है। नगर पालिका में पहले से 70 से ज्यादा सफाई कर्मचारी काम कर रहे हैं। इन्हें नियमित वेतन दिया जा रहा है। अब एजेंसी को मात्र डोर टू डोर कलेक्शन करने का जिम्मा देने से सवाल उठ रहे हैं। इससे दोहरी लागत का बोझ नगर पालिका पर पड़ेगा। कई जागरूक नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने टेंडर की पारदर्शिता और जरूरत पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि अगर इतनी बड़ी राशि खर्च हो रही है तो उसकी निगरानी के लिए मजबूत व्यवस्था होनी चाहिए।

#### कचरा संग्रहण और निपटान प्लानिंग के अनुसार हो सकेगा

नगरपालिका सचिव दीपक कुमार का कहना है कि टेंडर से सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। कचरा संग्रहण और निपटान प्लानिंग के अनुसार हो सकेगा। चेयरपर्सन अर्पणा पसरीजा और वाइस चेयरमैन नरेंद्र सिंह ने कहा कि लंबे समय के टेंडर से बार-बार की प्रक्रिया और रुकावटें खत्म होंगी

---

# पटाखा बजाने वालों पर कार्रवाई 15 बुलेट मोटरसाइकिल इम्पाउंड

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

बुलेट पर पटाखे बजाने वालों के खिलाफ जिला पुलिस ने इन दिनों विशेष अभियान छेड़ा हुआ है। एसपी सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार डीएसपी ट्रैफिक कुलवंत सिंह की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग टीमें ऐसे वाहनों की धरपकड़ में लगी है। इसके साथ ही आमजन को यातायात नियमों का पालन करने बारे भी जागरूक किया जा रहा है। बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा करने वाले तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर विशेष तौर पर पैनी नजररखी जा रही है। बीते सप्ताह में 15 बुलेट का पटाखा बजाने पर कार्यवाही करने के साथ-साथ उसका साइलेंसर भी उतरवाया गया। गत सप्ताह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा कुल 3546 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा मुख्य रूप से वाहन पर बिना नंबर प्लेट के 41, ब्लैक फिल्म का 5, खतरनाक तरीके से ड्राइविंग का 268, शराब पीकर गाडी चलाने वालों के 9, लेन ड्राइविंग 705 तथा बिना मोटरसाइकिल पर तीन सवारी के 64 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

### डीसी और एसपी आज गांव बलियाला में करेंगे रात्रि ठहराव

फतेहाबाद। सरकार के दिशा निर्देशानुसार रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत उपायुक्त मनदीप कौर और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन मंगलवार, 6 मई को सायं 5 बजे टोहाना उपमंडल के गांव बलियाला के राजकीय उच्च विद्यालय में नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी शिकायतें सुनेंगे। इस बारे जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य गांवों में अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों का रात्रि प्रवास भी गांव बलियाला में होगा। गांव का कोई भी नागरिक अपनी समस्या प्रशासन के समक्ष रख सकता है।

---

### किसान संघ ने समाधान शिविर में दी शिकायत

# तहसील कार्यालय में अव्यवस्थाओं से परेशानी

- जमाबंदी के लिए तहसील कार्यालय में लोगों की लगी रहती है लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** जमाबंदी के लिए लगी लोगों की लंबी लाइन। फोटो : हरिभूमि

तहसील कार्यालय व ई-दिशा केन्द्र में अव्यवस्थाओं को लेकर काम करवाने के लिए आए लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जमाबंदी के लिए तहसील कार्यालय में लोगों की लंबी लाइन लगी रहती है और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। लोगों की इसी समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ फतेहाबाद के जिला प्रधान रोहताश पंघाल ने समाधान शिविर में उपायुक्त के नाम मांग पत्र देकर इन अव्यवस्थाओं को जल्द दूर करने की मांग की है। रोहताश पंघाल ने कहा कि तहसील कार्यालय में जमाबंदी के लिए आने वाले लोगों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। कार्यालय में जमाबंदी के लिए कर्मचारियों की कमी है, जिस कारण लोगों के काम प्रभावित हो रहे है। उन्होंने उपायुक्त से जमाबंदी के लिए एक ओर कर्मचारी की जल्द नियुक्ति की मांग की है। इसके अलावा रोहताश पंघाल ने कहा कि तहसील कार्यालय में स्टेशनरी न होने से भी लोगों को असुविधा होती हैं।

---

# भीगी गेहूं की 12 गाड़ियां हैफेड गोदाम से लौटीं

- व्यापारियों को प्रति बैग 6 रुपये से अधिक का नुकसान हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना



**भूना।** उकलाना रोड पर हैफेड गोदाम में गाड़ी वापस किए जाने पर विरोध करते आढ़ती।

बारिश के बाद भीगी हुई गेहूं की बोरियों से लदी 12 गाड़ियां हैफेड गोदाम से वापस लौटा दी गईं। बोरियों में नमी की मात्रा अधिक पाई गई। गोदाम इंचार्ज प्रदीप सिंह हुड्डा ने नमी युक्त गेहूं को जमा करने से इनकार कर दिया। व्यापारियों ने दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन गोदाम इंचार्ज ने साफ मना कर दिया। इससे व्यापारियों को प्रति बैग रुपये 6 से अधिक का नुकसान हुआ। हैफेड खरीद एजेंसी ने आढ़तियों को गेहूं की छोटी ढेरियां लगाने और पंखा लगाकर गेहूं साफ करने का नोटिस दिया है। जिला प्रबंधक राजेश कुमार हुड्डा ने कहा कि उन्होंने किसी भी आढ़ती से फोन पर बात नहीं की। व्यापारियों ने झूठे आरोप लगाए कि उन्होंने गाली-गलौज की। उन्होंने कहा कि भीगी गेहूं को गोदाम में लगवाने के लिए यह आरोप लगाए गए। शुक्रवार 3 मई को अनाज मंडी के एक व्यापारी गुट ने मार्केट कमेटी कार्यालय में समस्या समाधान के लिए मुलाकात की थी। आरोप लगाया गया कि हैफेड के ठेकेदार ने प्लींथ केदों से गेहूं की लिफ्टिंग नहीं की। इसके बाद व्यापारियों ने हैफेड जिला प्रबंधक पर फोन पर अपमानित करने और गाली देने के आरोप लगाए। विरोध में व्यापार मंडल के प्रधान अजय कुमार, धर्मवीर दहिया, अशोक भूटानी सहित कई व्यापारियों ने हैफेड कार्यालय के बाहर दो घंटे धरना दिया। बारिश के कारण हजारों गेहूं की बोरियां भीग गईं। बारिश से पहले तिरपाल या क्रेट का कोई इंतजाम नहीं था। इसी कारण गेहूं में नमी बढ़ गई। उसी दिन गोदाम इंचार्ज ने कई गाड़ियां लौटा दीं। रविवार और सोमवार को करीब 10 हजार बोरियों से लदी 12 गाड़ियां वापस कर दी गईं। इससे व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ। व्यापार मंडल के प्रधान अजय कुमार से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। हैफेड के जिला प्रबंधक राजेश कुमार हुड्डा ने कहा कि बारिश के बाद गेहूं की बोरियां भीग गई थीं। प्लींथ केदों पर व्यापारियों ने कोई व्यवस्था नहीं की थी। अगर यह गेहूं गोदाम में लगती तो सड़ जाती और बाकी गेहूं भी खराब हो जाती।

---

### आपराधियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# बीते सप्ताह 21 मामले दर्ज कर 45 लोगों को पकड़ा

- चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर की चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



एसपी सिद्धांत जैन।

पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन के निर्देशानुसार अपराधियों तथा गैर कानूनी धंधा करने वालों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस द्वारा बीते सप्ताह विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर नाकाबंदी व सघन चेकिंग कर 21 मामले दर्ज की 45 लोगों को पकड़ा गया है। जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने नशा तस्करों की धरपकड़ की। इसके तहत पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत 4 मामले दर्ज कर 5 लोगों को काबू किया और इनके पास से 260 बोतल ठेका देशी, अंग्रेजी व बीयर बरामद की है। मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 11 मामले दर्ज कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया और इनके 15 किलो 384 ग्राम चूरा पोस्त, 108.84 ग्राम अफीम, 1 किलो 982 ग्राम गांजा व 17 किलो 760 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की है। इसके अलावा पीओ स्टाफ ने भगौड़ों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 9 पीओ सहित 5 बैल जम्पर काबू किया। नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने बीते सप्ताह 4 मामले दर्ज कर 4 लोगों को गिरफ्तार किया। जुआ अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज कर 10 आरोपियों को काबू कर 29 हजार की जुआ राशि बरामद की है। इसी दौरान पुलिस टीम ने सीमावर्ती राज्यों राजस्थान और पंजाब की ओर से प्रवेश करने वाले प्रत्येक वाहन व व्यक्ति की बारीकी से चैकिंग कर संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखी गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि जिला पुलिस का प्रयास है कि लोग भयमुक्त व अपराध मुक्त समाज में बेहतर जीवन यापन कर पाएं, लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस तत्पर है।

---

# 13. 84 प्रतिशत गेहूं फसल का उठान

- किसानों को 1228 .55 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में अब तक 41659 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 608576 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है। इसके लिए सरकार की ओर से किसानों को 1228.55 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया किफूड सप्लाई ने 5809 किसानों की 89605 मीट्रिक टन, हैफेड ने 16631 किसानों की 288751 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 16022 किसानों की 209657 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 3197 किसानों की 20562 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं फसल का उठान कार्य भी जारी है। जिला में अब 515377 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है। जो खरीद का 84.69 प्रतिशत है। जिला में अब तक फूड सप्लाई ने 79953 मीट्रिक टन, हैफेड ने 244689 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने

---

# टोहाना में विकसित हो रही हैं दो अवैध कॉलोनी, खरीद-फरोख्त न करें लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिला नगर योजनाकार अंजू ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अवैध कॉलोनियों में किसी प्रकार की खरीद फरोख्त ना करें ताकि मेहनत की कमाई का पैसा बर्बाद ना हो। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र एवं नियत्रित क्षेत्र टोहाना में हिसार रोड पर कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा हिसार रोड मौजा टोहाना के खसरा नंबर 354//5, 6 355//1, 2, 3, 4, 5, 6/1, 7, 8, 9, 10, 356//9/1, 9/2, 10/1, 10/2/1 तथा डांगरा रोड पर डीएवी स्कूल के पास मौजा टोहाना के खसरा नंबर 326//6, 7, 8, 9, 327//1, 8, 9, 10, 11, 13 में अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है।

---

### घटना का मूल कारण निर्माण कार्य में लापरवाही : सैलजा

# बार-बार सड़क धंसने पर सीएम को लिखा पत्र

- निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता को लेकर ठेकेदारों और अधिकारियों की हो जिम्मेदारी तय

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



कुमारी सैलजा

सिरसा नगर में बार-बार सड़क धंसने को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है, उनका कहना है कि अमृत योजना में घटिया निर्माण कार्य के चलते ऐसा हो रहा है, ऐसे में निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए संबंधित ठेकेदारों और अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए। कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखे पत्र में कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र में सिरसा नगर में कई सालों से अलग-अलग जगहों पर 20-30 फुट तक सड़क धंसने की अनेक घटनाएं हो चुकी है, ज्यादातर घटनाएं रानियां रोड पर हुई हैं। इसके नजदीक ही एक और गड्ढा हो गया। यह स्थिति न केवल वाहनों के आवागमन में बाधा बन रही है, बल्कि नागरिकों के जीवन के लिए भी एक बड़ा खतरा उत्पन्न कर रही है। प्रशासन ने आवागमन बंद कर दिया है, परंतु स्थानीय जनता भय और असुविधा में जी रही है। इस घटना का मूल कारण साफ तौर पर निर्माण कार्य में लापरवाही और भ्रष्टाचार प्रतीत होता है। पहले जो भी लाइन डाली गई थी उसमें भी धांधली की गई थी, पाइप डालने से पहल कंक्रीट के बैड बनाए जाते है जिस पर पाइप रखी जाती है जिसके लिए सरकार की ओर से मापदंड निर्धारित किए गए है।

#### एक साल पहले भी धंसी थी यह लाइन

भारी ट्राले के गुजरने के कारण आठ मार्च 2024 की सुबह करीब छह बजे रानियां बाईपास पर सड़क धंस गई थी। इसका कारण 20 फुट गहरी मुख्य सीवर लाइन का लीक होना बताया गया। आसपास के लोगों ने तुरंत फोन कर हेल्पलाइन नंबर को 112 घटना की सूचना दे दी थी। इसके बाद पुलिस ने अवरोध लगाकर दोनों ओर से बाईपास को बंद कर दिया। तब अधिकारियों को लाइन दुरुस्त करने में 20 दिन का समय लगा था। अगर कोई इंडस्ट्री सीवरेज लाइन में बिना ट्रीट किया हुआ पानी डाल रही है तो उसके खिलाफ पर्यावरण प्रदूषण बोर्ड और जन स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई अमल में ला सकते है।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार 6 मई 2025



मां एक शब्द भर नहीं है, एक एहसास है, इसे बयां करना आसान नहीं है। मां किसी भी युग की हो, उसने अपने मूल स्वभाव ममत्व को कभी नहीं बदला। हां, समय के बदलाव के साथ अपने आपको इस तरह जरूर बदला कि उसके बच्चों की परवरिश ऐसी हो कि वे जमाने के साथ कदमताल करें, उनका भविष्य उज्ज्वल हो। इस बदले दौर में मां की महिमा और ज्यादा बढ़ चुकी है।

# आज की मां

कवर स्टोरी

अलका सोनी

हमारे लिए मां-पिता दोनों ही समान रूप से आदर के पात्र हैं, लेकिन मां जननी होती है तो उसका दर्जा थोड़ा ऊंचा हो जाता है। मां शब्द भले ही एक अक्षर का है पर इसमें सारी सृष्टि समाहित है। बचपन से लेकर युवावस्था तक या कहें जब तक मां का साया हमारे ऊपर है, हमारा हाथ थामे रहती है, हमारा बहुत बड़ा संबल होती है। मां को कभी अपनी चिंता नहीं होती, उसे अपने बच्चों की चिंता रहती है। उनकी खुशी में ही उसकी खुशी है।

**बदलते युग में मां का सजग रूप:** युग कोई हो, मां की ममता, उसके व्यवहार, भावनाओं और प्रेमभाव में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया। अगर कुछ दशक पहले की बात करें, जब प्रायः मां शिक्षित नहीं होती थी, लेकिन अपने लालन-पालन में कोई कसर नहीं छोड़ती थी। आज की अधिकतर मां जब शिक्षित है, उसका देखने-समझने का नजरिया बदला है, व्यापक हुआ है। अब वह बच्चे के बीमार पड़ने पर उसकी नजर उतारने के साथ ही डॉक्टर को भी दिखाती है। अगर हम कहें कि आज मां की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण और चुनौती भरी हो गई है तो गलत नहीं होगा।

**आज भी केंद्रीय भूमिका में है:** समय के साथ मां के रूप और जिम्मेदारियों में बदलाव आया है, लेकिन मां की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण और केंद्रीय है, जैसे पहले थी। वह सिर्फ शिक्षित ही नहीं हुई है, जागरूक भी हुई है। आज की मां जानती है कि बच्चे की परवरिश केवल खान-पान और पढ़ने-पढ़ाने तक सीमित नहीं है। वह बच्चों में बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना जरूरी समझती है। पहले की मांएं अनुभव के सहारे चलती थीं, आज की शिक्षित मांएं, अनुभव के साथ-साथ नए रिसर्च और डिजिटल संसाधनों का भी सहारा लेती हैं। वे टेक्नोलॉजी के इस युग में इंटरनेट से लेकर एप्स तक, ऑनलाइन लर्निंग से लेकर सोशल मीडिया तक, हर संसाधन से परिचित रहना चाहती हैं ताकि बच्चे की परवरिश में कोई कमी न रह जाए। उनका बच्चा बदले जमाने में कहीं पीछे न रह जाए। आज की मां जानती है बच्चों को डिजिटल दुनिया से वाफिक कराना कितना जरूरी है। पढ़ी-लिखी होने के कारण वह इसका महत्व समझती है। आधुनिक मांएं नई पीढ़ी के व्यक्तित्व निर्माण में अपनी बहुत ही बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

## परवरिश का बदला स्वरूप



पहले की मांओं का परवरिश में बच्चों पर अनुशासन और परंपरा का अधिक जोर होता था, लेकिन आज की मांएं सिर्फ अपनी ही नहीं चलातीं, अपने बच्चों की भी सुनती हैं। वे अपने बच्चों के सवालों को दबाती नहीं, उन्हें सुनती हैं। वे अपने बच्चे के हर 'क्यों' का जवाब देती हैं। नए दौर की मांएं अपने बच्चों से संवाद रखना जरूरी समझती हैं। उन्हें डराने-धमकाने की जगह शांति से उनकी मन की उलझनों को दूर करती हैं। साथ ही अपने बच्चों को भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं, मजबूत बनाती हैं।

**मल्टीटास्किंग की मिसाल:** आज की अधिकांश मांएं घर के साथ-साथ ऑफिस की भी जिम्मेदारी निभा रही हैं। वे मल्टीटास्किंग की मिसाल हैं। सुबह ऑफिस के लिए स्वयं भी तैयार होती हैं। बच्चों का टिफिन बनाती हैं, मीटिंग्स अटेंड करती हैं फिर बच्चों की ऑनलाइन क्लास, होमवर्क और उनकी भावनात्मक जरूरतों का भी ध्यान रखती हैं। इसके साथ ही घर के बाकी कामों के बीच भी सामंजस्य बनाए रखती हैं। ये सब देख बच्चों में भी सामंजस्य की क्षमता का विकास होता है। बेशक यह काम आसान नहीं है, लेकिन उनका यह अंदाज बताता है कि आज की मांएं अपनी प्राथमिकताओं और समय प्रबंधन की अच्छी समझ रखती हैं। वे थकती हैं लेकिन हताश-निराश नहीं होतीं।

**समझती हैं बच्चों के मनोभाव :** आज की मां अपने बच्चों के मनोभावों को अच्छी तरह समझती है। वह बच्चों को भावनाएं छिपाने की बजाय व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती है। पहले 'लड़के रोते नहीं' जैसी बातों को सामान्य माना जाता था, अब मां सिखाती है कि भावनाओं का इजहार जरूरी है, यह कोई कमजोरी नहीं है। वे बेटे और बेटियों दोनों की परवरिश समान रूप से करती हैं। बच्चे की हर छोटी-बड़ी बात को गंभीरता से लेती हैं, उसे सुनती हैं, जरूरत के अनुसार समझती हैं। यह बच्चों की परवरिश का ऐसा अंदाज है, जो उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

**समानता की पक्षधर:** आज की शिक्षित मां लैंगिक समानता की पक्षधर है। वह बेटी को भी वही अवसर देती है, जो बेटे को मिलते हैं। फिर चाहे वह पढ़ाई से जुड़े अवसर हों या पोषण से जुड़े। वह बेटे को बताती है कि घर का काम सिर्फ लड़कियों का नहीं, लड़कों का भी है। साथ ही उनके मन में लड़कियों के प्रति सम्मान



की भावना जगाती है। वह बेटियों को स्वाभिमान और आत्मनिर्भर होकर जीना सिखाती है। साथ ही आज की मां अपने बच्चे को सच्चाई, ईमानदारी, करुणा और जिम्मेदारी जैसे गुणों की भी सीख देती है। वह जानती है कि केवल डिग्रियां ही नहीं, अच्छे संस्कार भी सुखी और खुशहाल जीवन का आधार हैं।

**परिस्थितियों से खुद जूझना सिखाती है:** आज की मां यह समझती है कि हर समय बच्चे के सिर पर खड़े रहना उसे मजबूत नहीं बनाएगा। उसे थोड़ा आजादी देना भी जरूरी है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो, आत्मनिर्भर बने। वह बच्चों को फैसले लेने देती है, उनसे गलती होने पर सीखने का अवसर देती है। बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए नए जमाने की मां बच्चों की एक ढाल बनकर तो रहती है, लेकिन बच्चों को परिस्थितियों से खुद जूझना भी सिखाती है।

**अपने वजूद को लेकर सजग:** आज की मां को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। करियर का दबाव, समाज की अपेक्षाएं और कभी-कभी अकेलेपन की पीड़ा। फिर भी वह मुस्कराती है, क्योंकि वह जानती है कि उसकी मुस्कान ही बच्चों की हिम्मत है। इन सबके बीच भी वह अपने वजूद को लेकर सजग रहती है। पहले मां अपनी इच्छाओं, शौकों और करियर को त्याग देती थी। आज की मां जानती है, खुद का ख्याल रखना भी जरूरी है। तभी वह अपने बच्चों की अच्छे से परवरिश कर सकेगी। आज की मां योग करती है, किताबें पढ़ती है, यात्रा करती है, अपने लिए भी समय निकालना जरूरी समझती है।

आज की मां समय का तकाजा समझती है। अपने बच्चों के सपनों को पंख देती है, लेकिन उनके पैरों को जमीन से जोड़े भी रखती है। आज की मां सिर्फ एक मां नहीं, शिक्षक है, गाइड है और अच्छी दोस्त भी है। वह अपने बच्चों को सिर्फ जीना नहीं, एक सार्थक जीवन जीना सिखाती है। इस तरह मां ने समय के अनुरूप अपनी भूमिका बढ़ाकर समाज-परिवार में अपनी उपादेयता को नए आयाम दिए हैं।

# मां को भी चाहिए आपका प्यार भरा साथ

याद कीजिए अपना बचपन, जब मां आपके लालन-पालन में दिन-रात एक किए रहती थीं। आपको जरा भी तकलीफ नहीं होने देती थीं। आपकी चिंता में उसे अपनी सुधि नहीं रहती थी। ऐसे प्यार भरे साथ और देखभाल की अब आपकी वृद्ध मां को जरूरत है, जो आपको करनी है। उनकी खुशी को अपनी खुशी समझना है।



केयरिंग

सरस्वती रमेश

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में बूढ़े मां-बाप या तो गांवों में अकेले छूट गए हैं या शहर में बेटे-बहू के साथ रहते हुए भी अकेलापन महसूस करते हैं। यह अकेलापन तब और ज्यादा दुखदायी हो जाता है, जब पिता, मां को अकेला छोड़ दुनिया से विदा हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि हम अपनी अकेली मां को समय नहीं दे सकते। तमाम व्यस्तता के बावजूद भी हम अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं, उन्हें अपना प्यार देकर खुश रख सकते हैं। बस हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**मां से जुड़ी रहें:** मां, उम्र के हर पड़ाव पर अपने बच्चों का हाथ थामे रखती है। उन्हें हर बुरी-अच्छी स्थिति में अपना प्यार-दुलार देकर एक भरोसा बनाए रखती है। लेकिन मां को भी वृद्धावस्था में अपने बच्चों के साथ की जरूरत होती है। उसका शरीर कमजोर हो चुका होता है। ऐसे में उसे अपने बच्चों का सहारा चाहिए होता है। इसलिए बड़े होने के बाद बच्चे रोज समय निकालकर अपनी मां के पास बैठें, उनसे बात करें। मां को महसूस कराएं कि वह अकेली नहीं हैं। ऐसे बिहेव से मां अपने मन की हर बात आपसे शेयर करेंगी। आप मां के खाने-पीने, दवा, एक्सरसाइज, मनोरंजन आदि का ख्याल रखें। अगर आप वर्किंग हैं तो घर पर उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था करके ऑफिस जाएं। ऑफिस आकर बीच-बीच में उन्हें फोन कर उनके स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में पूछती रहें। घर के फैसलों में मां की सलाह जरूर लें। उन्हें घर की हर बात से अवगत जरूर कराएं। उनके जीवन के अनुभव आपके बहुत काम आ सकते हैं। कोई सेलिब्रेशन हो तो उसमें मां को जरूर शामिल करें। इससे उन्हें खुशी मिलेगी।



**दूर रहकर भी रखें उनका ध्यान:** आज जो बच्चे बड़े होने पर मां से दूर रहते हैं, वे मोबाइल की मदद से भी अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं। विदेश या दूर शहरों में रहने वाले अनेक लोग अपनी मां की जरूरत और पसंद का हर सामान ऑनलाइन बुक कर उनके पास पहुंचा देते हैं। यहां तक कि उनकी दवाइयां, डायपर आदि भी वो दूर बैठे-बैठे भेज देते हैं। वीडियो कॉल कर उनके करीब होने का एहसास दिलाते रहते हैं।

**मां को दें आत्मीय सलाह:** मां बनने के बाद महिलाओं का जीवन घर-परिवार और बच्चों की देखभाल करते बीतता है। बच्चों के आगे उन्हें अपना ख्याल रखने की भी फुर्सत नहीं मिलती। उम्र बढ़ने पर मां भुलक्कड़ और चिड़चिड़ी हो जाती हैं। ऐसे में मां को प्यार से समझाएं, ताकि उनका गुस्सा और चिड़चिड़ापन कम हो। मां की जरूरत की चीजों को सही जगह पर रखकर, समय पर उपलब्ध कराकर उनके दिमाग को शांत रखें। अगर मां कभी कोई गलती कर रही हैं तो उन्हें प्यार और समझदारी भरी सलाह दें।

**मदर्स-डे पर मां को स्पेशल फील कराएं:** मदर्स-डे के बहाने ही सही, अपनी मां को आउटिंग पर ले जाएं। आप किसी प्राकृतिक सौंदर्य वाली जगह या हिस्टोरिकल प्लेस पर ले जा सकती हैं। अच्छा हो मां से ही पूछ लें कि वह कहां जाना पसंद करेंगी। याद रखें, बूढ़े होने पर इच्छाएं बूढ़ी नहीं होतीं। इसलिए अपनी वृद्ध मां को खुशियों के पल बिताने का मौका जरूर दीजिए, इससे उनका अकेलापन दूर होगा, वह मानसिक रूप से स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी।



अगर आपकी मम्मीं अपनी स्किन केयर पर ज्यादा ध्यान नहीं देती हैं। तो आप उन्हें यहां बताए जा रहे कुछ ईजी स्टेप्स फॉलो करवाएं। इससे बढ़ती उम्र में भी उनकी स्किन ग्लोइंग दिखेगी।

# 45 प्लस में भी ग्लो करेगी आपकी मदर की स्किन

केयर

सरिता गुप्ता

आमतौर पर 45 से 50 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते महिलाएं अपने ड्रेस सेंस और लुक को लेकर ज्यादा कॉन्शस नहीं रहती हैं। लेकिन एक बेटी के तौर पर आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मॉम अच्छी दिखें, उनके फेस पर ग्लो नजर आए। इसके लिए जब आप प्यार से अपनी मदर को स्किन केयर के लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस के बारे में बताएंगी तो वे इन्हें जरूर फॉलो करेंगी। वैसे ही जैसे अल्का की बेटी आशी ने किया। एक दिन कॉलेज से आने के बाद आशी ने कहा, 'मम्मी आप इतनी प्यारी हो, लेकिन अपनी स्किन की केयर बिल्कुल नहीं करती हैं। इस उम्र में स्किन की केयर करना बहुत जरूरी है, नहीं तो आपकी स्किन पर रिंकल्स, झाइयां और डलनेस बढ़ती जाएगी।' अपनी बेटी की बात अलका को सही लगी। उसने अपनी स्किन केयर के लिए जो टिप्स फॉलो किए, इसके बारे में आप भी जानिए।

**सीरम:** मिड एज के बाद रात को सोते समय एंटी एजिंग सीरम का यूज जरूर करें। बढ़ती उम्र की महिलाओं को हमेशा रेटिनोइड बेस्ड सीरम ही लगाना चाहिए, क्योंकि इस उम्र में स्किन का कोलेजन कम होने लगता है और इसी वजह से चेहरे पर झुर्रियां पड़ने लगती हैं। ऐसे में, आपको अपनी स्किन टाइप के अनुसार एंटी एजिंग सीरम का यूज करना चाहिए। इसके यूज से झुर्रियां और फाइन लाइंस की समस्या भी धीरे-धीरे कम होने लगती है।

**सनस्क्रीन:** घर पर रहने वाली ज्यादातर महिलाएं सनस्क्रीन का यूज नहीं करती हैं। लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार, बढ़ती उम्र में घर में रहते हुए भी सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। इससे मार्केटिंग के लिए या किसी भी काम से घर से बाहर निकलने पर स्किन को सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाया जा सकता है, इससे दाग-धब्बों और टैनिंग की समस्या भी दूर हो जाती है।



**एलोवेरा:** फ्रेश एलोवेरा जैल, त्वचा को नमी प्रदान करता है और जवां बनाए रखता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स के कारण ये स्किन की ड्राईनेस को भी दूर करता है। साथ ही हाइड्रेट बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप एलोवेरा जैल में विटामिन-सी कैप्सूल ऑयल को मिक्स करके रात को सोते समय चेहरे पर लगाएं तो फेस पर ग्लो बढ़ने लगता है।

**दही-हल्दी पैक:** दही और हल्दी में एजिंग के लक्षणों को कम करने और फाइन लाइंस की समस्या को दूर करने की क्षमता होती है। इसलिए इस फेस पैक को बढ़ती उम्र की महिलाओं को जरूर अप्लाई करना चाहिए। इस पैक को हफ्ते में एक या दो बार लगाने से स्किन लंबे समय तक यंग और ग्लोइंग बनी रहती है।



**पपाया पैक:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे और ब्लैक हेड्स जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो आप पपीते का फेस पैक लगा सकती हैं। पपीते में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। यह फेस पैक लगाने से चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं और स्किन यंग बनी रहती है। 45 की उम्र के बाद इसे अप्लाई करना स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**कच्चा दूध:** कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है, जो स्किन को सही मात्रा में न्यूट्रिशन देने में मदद करता है। इसे लगाने से स्किन सॉफ्ट बनी रहती है। इसके रोज इस्तेमाल से चेहरे पर टाइटनेस बरकरार रहती है और स्किन स्मूद भी होती है। इसे आप अंडर आई पर भी आसानी से लगा सकती हैं, जिससे डार्क सर्कल भी कम होने लगते हैं।

**(स्किन एक्सपर्ट राहुल जोशी से बातचीत पर आधारित)**

# मॉम के लिए स्पेशल गिफ्ट

सजेशन

मानसी

मां को अपने बच्चों से और बच्चों को अपनी मां से बेइंतहा प्यार होता है। मदर्स-डे आए तो बच्चे अपनी मां को जरूर कोई प्यारा-सा गिफ्ट देना चाहेंगे। उनकी यही कोशिश होगी अपनी मॉम को जो भी गिफ्ट दें, उन्हें पसंद जरूर आए। अच्छा गिफ्ट खरीदना आसान काम नहीं है, इसके लिए काफी सोचना पड़ता है कि पता नहीं मॉम को हमारा गिफ्ट पसंद आए या नहीं? हम आपको कुछ स्पेशल गिफ्ट आइटम्स सजेस्ट कर रहे हैं, आप इन्हें अपनी मॉम को प्रेजेंट कर सकती हैं। उन्हें आपका गिफ्ट जरूर पसंद आएगा।

**स्टाइलिश रिस्ट वॉच:** रिस्ट वॉच एक स्पेशल गिफ्ट आइटम है। आप जब अपनी मॉम को यह गिफ्ट देंगी और वह इसे अपनी कलाई पर बाधेंगी तो आपको जरूर याद करेंगी। आजकल तो बेहद स्टाइलिश रिस्ट वॉचेज मार्केट में अवेलेबल हैं, जैसे कि ब्रेसलेट स्टाइल में, जिसे आपकी मॉम अपनी किसी भी ड्रेस के साथ वियर कर सकती हैं। इनमें गोल्डन या सिल्वर टोन में अगर आप रिस्ट वॉच खरीदती हैं तो यह सभी तरह की ड्रेस पर सूट करेगी।



**रेडिमेड सूट या ड्रेस:** अगर आपकी मॉम को अलग-अलग ड्रेस वियर करने का शौक है तो उन्हें कोई सुंदर-सी ड्रेस गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल मार्केट में रेडिमेड ड्रेस के ढेरों ऑप्शन हैं। अगर आपकी मॉम को सूट पहनना पसंद है तो आप उन्हें रेडिमेड सूट दे सकती हैं या फिर सूट का कोई सुंदर-सा फैब्रिक भी दे सकती हैं, जिसे वह अपनी पसंद के हिसाब से बनवा लेंगी।

**क्रिएटिव फोटो फ्रेम:** आपने देखा होगा कि आजकल फोटोज को अलग-अलग तरह से इस्तेमाल करके कुछ डेकोरेटिव आइटम्स क्रिएट किए जाते हैं। आप भी इसी तरह अपनी मॉम के साथ खुद की फोटो या पूरे परिवार की फोटोज का कोलाज फोटोफ्रेम क्रिएट करवा कर मॉम को गिफ्ट कर सकती हैं।

**आर्टिफिशियल ज्वेलरी:** किसी फैमिली फंक्शन में आपकी मॉम कुछ न कुछ डिफरेंट पहनना पसंद करती होंगी, तो आप उनकी मैचिंग की ज्वेलरी उन्हें गिफ्ट दे सकती हैं। जैसे कि गले का नेकलस या फिर हाथ की मैचिंग ज्वलेरी। जिससे उनका ऑल ओवर लुक डिफरेंट नजर आएगा।

**स्टाइलिश एसेसरीज :** एसेसरीज में अकसर मॉम को पर्स पसंद आते हैं। आप भी अपनी मॉम के लिए उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए कोई अलग तरह का पर्स गिफ्ट कर सकती हैं। पर्स ऐसा लें, जो मॉम की सभी ड्रेस पर सूट करे। पर्स के अलावा आप उन्हें बेल्ट या फिर हेयर एसेसरीज भी दे सकती हैं।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रविंद्र गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट-मेडिसिन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बचपन से लेकर अब तक मम्मी आपकी सेहत का ख्याल रखती आ रही हैं। अब आपकी बारी है कि बढ़ती उम्र में उनकी जरूरतों को समझें, उनकी हेल्थ और फिटनेस को लेकर अवेयर रहें। अपनी मम्मी की हेल्थ केयर कैसे करें, आपके लिए यूजफुल एडवाइस।

# ऐसे करें मां की हेल्थ केयर वे रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

मिड एज के बाद मेनोपॉज स्टेज शुरू होने पर यानी पैंतालीस-पचास की उम्र में महिलाओं के शरीर में कई तरह के हॉर्मोन संबंधी बदलाव होते हैं। उनके शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर दिखाई देता है। इस एज में बदलावों से गुजर रही अपनी मां की देखभाल करना आपकी जिम्मेदारी है। इस दौरान आप अपनी मम्मी की सेहत का विशेष रूप से ध्यान रखें। आप उनके साथ बातचीत के लिए समय निकालें, साथ ही उनकी सेहत संबंधी समस्याओं और भावनात्मक जरूरतों को समझें।

**डॉक्टर से करें कंसल्ट:** उम्र के इस दौर में अधिकतर महिलाएं मेनोपॉज संबंधी शारीरिक या फिर भावनात्मक बदलाव का सामना कर रही होती हैं, ऐसे में उन्हें आपके इमोशनल सपोर्ट की भी जरूरत होती है। आप अपनी मम्मी से उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करें। इस दौरान महिलाओं को कई बार अनियमित पीरियड्स, हैवी ब्लीडिंग, हॉट फ्लैशेज (सर्दी के मौसम में भी शरीर का तापमान बढ़ना और पसीना आना) जैसे लक्षण नजर आएं, तो बिना देर किए उन्हें किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास लेकर जाएं और डॉक्टर की बताई दवाएं खिलाने के साथ लाइफस्टाइल और डाइट में जरूरी बदलाव करवाएं। मेनोपॉज के बाद महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है। ये दोनों हार्मोन उनकी हड्डियों के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं, लेकिन इन दोनों हार्मोन की कमी से उनको ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या हो सकती है।



**मेंटल हेल्थ का रखें ध्यान:** हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण ही मिडिलएज में महिलाओं में तनाव, उदासी, एंग्जाइटी जैसी कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के भी लक्षण नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में आप अपनी मम्मी के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं, उन्हें उनकी रुचि से जुड़े कार्यों, जैसे म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, बागवानी आदि में व्यस्त रहने के लिए प्रेरित करें। इस दौर में अनिद्रा संबंधी समस्या भी बहुत परेशान करती है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि आपकी मम्मी को रोजाना आठ घंटे की पर्याप्त नींद मिले। स्वस्थ रहने के लिए उन्हें रोजाना, योगाभ्यास, मेडिटेशन और ध्यान करने को प्रेरित करें।

**मेडिकल चेकअप है जरूरी:** मां का रेग्युलर मेडिकल चेकअप बहुत जरूरी है।

**मैमोग्राम:** 40-45 साल की उम्र के बाद ब्रेस्ट कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए दो साल में एक बार मैमोग्राम करवाना जरूरी है।

**पैपस्मीयर-एचपीवी टेस्ट:** सर्वाइकल कैंसर या यूटेरस संबंधी बीमारियों का पता लगाने के लिए यह जांच करवाई जाती है। हर तीन साल के अंतराल पर यह जांच करवाएं।

**बोन डेंसिटी टेस्ट:** मेनोपॉज के बाद हड्डियां कमजोर होने का खतरा बढ़ता है, इसलिए अपनी मम्मी की ये जांच भी अवश्य कराएं।

**ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल:** बढ़ती उम्र में इन दोनों समस्याओं के बढ़ने की आशंका भी रहती है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल की जांच के अलावा बीपी की भी जांच कराएं।

**ऐसी होनी चाहिए मां की डाइट:** मां की डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ को प्रमुखता से शामिल करें, लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से कैल्शियम का सप्लीमेंट न खिलाएं। आयरन की कमी से अकसर एनीमिया की समस्या होती है, इससे बचाव के लिए उनकी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, खजूर, सेब, अमरूद, गुड़, चना और मूंगफली को शामिल करें।

प्रस्तुति: विनीता

## खबर संक्षेप

### झगड़ा करने के आरोपी को किया शामिल तफ्तीश

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने गांव बलियावाला में मां-बेटे के साथ लड़ाई झगड़ा करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रदीप कुमार पुत्र बलवान सिंह निवासी बलियावाला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 अक्टूबर 2024 को रामरत्ति की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार जब उसका लडक्का विकास घर से बाहर निकला तो प्रदीप ने उसके साथ गाली गलौच करना शुरू कर दिया। बाद में प्रदीप ने अपनी पत्नी रीना व मां ओमपति ने विकास व उसकी मां रामरत्ति पर लाठियों व चाकू से हमला कर घायल कर दिया तथा उनके घर में भी तोडफ़ोड़ की।

### दो युवक चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** रानियां थाना पुलिस ने गांव ओटू क्षेत्र के बस स्टैंड से मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो युवकों को महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुखप्रीत उर्फ निक्का पुत्र अजमेर सिंह निवासी गांव अहमदपुर व कुलदीप सिंह उर्फ दीपू पुत्र बस्ती राम निवासी चोरमार जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि सुखविंद्र सिंह पुत्र रांझा सिंह निवासी थैहड़ी मोहर सिंह थाना रानियां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते वर्ष किसी काम के सिलसिले में मोटरसाइकिल लेकर गांव ओटू के बस स्टैंड पर गया हुआ था।

### छात्रा शिवानी ने एएनएम द्वितीय वर्ष में किया टॉप

**सिरसा।** पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज रोहतक की ओर से घोषित एएनएम द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों में राजेंद्रा स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्रा शिवानी ने 600 अंकों में से 455 अंक अर्जित कर जिले में टॉप किया है। इसके साथ ही संस्थान की छात्रा कशिश ने 600 में से 446 अंक लेकर दूसरा व छात्रा किरणपाल ने 600 में से 442 अंक अर्जित कर संस्थान में तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के अध्यक्ष एनके गुप्ता, सचिव पुलकित गुप्ता, प्राचार्या कुलविंद्र कौर, प्रबंधक संजीव कालड़ा काउंसलर एकता कालड़ा ने खुशी जताते हुए उपरोक्त छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। संस्थान के अध्यक्ष एनके गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन व विद्यार्थियों के परिश्रम ने संस्थान को यह सफलता दिलवाई।

### बिजली निगम कल करेगा उपभोक्ताओं की सुनवाई

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय, अच्छी वोल्टेज और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। 'पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके।

---

### दोनों खरीद केंद्रों पर भूसा व मिट्टी मिली हुई गेहूं की पैकिंग की मिली शिकायत

# शिकायत पर लिया संज्ञान, गेहूं में नमी की मात्रा व उठान कार्य का लिया जायजा

### समाधान शिविर : गेहूं खरीद केंद्रों का एडीसी ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। फसल खरीद केंद्र का निरीक्षण करते एसडीसी लक्षित सरीन।

अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने सोमवार को साहुवाला प्रथम व भावदीन के फसल खरीद केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने एजेंसियों द्वारा खरीदी गई गेहूं की रेंडमली जांच की। सोमवार को समाधान शिविर में शिकायत आई थी कि दोनों खरीद केंद्रों पर भूसा व मिट्टी मिली हुई गेहूं की पैकिंग की जा रही है। शिकायत के बाद एडीसी जांच के लिए मौके पर पहुंचे, लेकिन जांच के दौरान बैगों में भरी हुई गेहूं साफ मिली। इसके बाद एडीसी ने खरीद और लिफ्टिंग से संबंधित कार्य की जांच की। उन्होंने गेहूं की नमी की भी जांच की तथा किसानों से भी बात कर समस्याएं भी पूछी। अतिरिक्त उपायुक्त ने गेहूं उठान को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि समाधान शिविर में आई शिकायत सही नहीं पाई गई और शिकायत के आधार पर ही औचक निरीक्षण किया गया था। इस अवसर पर मंडी सचिव वीरेंद्र सिंह, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न खरीद केंद्रों पर सात लाख 67 हजार 941 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है तथा मंडियों व खरीद केंद्रों पर गेहूं उठान कार्य में तेजी लाई गई है। जिला की मंडियों में 72.57 प्रतिशत गेहूं के उठान का कार्य पूरा हो चुका है। उठान कार्य में सबसे आगे खाद्य एवं आपूर्ति विभाग रहा है, जिनका उठान का कार्य 73.35 प्रतिशत है। जिला में सबसे अधिक गेहूं की खरीद का कार्य हैफेड की ओर से पांच लाख 20 हजार 266 मीट्रिक टन हुआ है। इसके बाद हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन ने एक लाख 61 हजार 199 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है, जिससे जिले के 67 हजार 49 किसान लाभान्वित हुए हैं।

#### सिरसा: एडीसी ने सुनीं जनसमस्याएं

**सिरसा।** लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने आमजन की आठ समस्याएं सुनी और अधिकारियों को तत्परता से निवारण के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ करें, ताकि आमजन को असुविधा न हो और सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों के शीघ्र निपटान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याएं हल की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला प्रशासन द्वारा आमजन की शिकायतों के निदान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

---



सिरसा। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक विजेता हरमन को ग्राम पंचायत व क्लब के सदस्य सम्मानित करते हुए।

## गोल्ड मेडल विजेता हरमन को किया सम्मानित

- राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 3000 मीटर में जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ओढां

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में स्वर्ण पदक विजेता गांव की बेटी हरमन को ग्राम पंचायत व शहीद उधम सिंह स्पोर्ट्स क्लब ओढ़ा द्वारा सम्मानित किया गया। सोमवार को खंड कार्यालय ओढ़ा में ग्राम पंचायत द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में गांव की गोल्ड मेडल विजेता बेटी हरमन, उसके माता-पिता व कोच मनीष सरस्वां के पहुंचने पर ग्राम पंचायत व क्लब के सदस्यों ने हार पहनाकर स्वागत किया और सरपंच सरपंच संदीप सिंह व क्लब सदस्यों ने बेटी हरमन को शाल ओढ़ाकर व नगद राशि देकर सम्मानित किया। सरपंच प्रतिनिधि व नंबरदार सुखपाल सिंह ने हरमन और अन्य खिलाड़ियों की हरसंभव सहायता देने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर नुहियांवाली में स्थित माता बिमला देवी स्पोर्ट्स अकादमी के कोच मनीष सरस्वां ने बताया कि नरवाना जींद में आयोजित दो दिवसीय हरियाणा स्टेट जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 3 किलोमीटर दौड़ में हरमन ने स्वर्ण पदक जीतकर अपने गांव, माता-पिता व खेल नर्सरी का नाम चमकाया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 12 लड़कियों ने भाग लिया।

---

## विश्व हाथ स्वच्छता दिवस पर कार्यशाला आयोजित

- राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित
- विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना रहा उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा




सिरसा। विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में जागरूक करते अध्यापक नरेश कुमार ग्रोवर। फोटो: हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना और उन्हें हाथ धोने की सही विधि सिखाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल शरीर की नहीं, बल्कि हमारे सोच, व्यवहार और वातावरण की भी होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से हाथों की स्वच्छता पर बल देते हुए बताया कि खाना खाने से पहले और बाद में, शौचालय के उपयोग के पश्चात, और किसी गंदी वस्तु को छूने के बाद हाथ अवश्य धोने चाहिए। उन्होंने 20 सेकंड तक हाथ धोने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया और उसके सात चरणों को व्यावहारिक रूप में भी दिखाया। इस अवसर पर छात्रों ने हाथ धोने की गतिविधियों में सक्रिय भाग लिया।

## पहलगाम के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए।

आर्य समाज मंदिर सिरसा में सोमवार को सभी सदस्यों की सभा हुई, जिसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को नमन किया गया और उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आर्य समाज के प्रधान अशोक वर्मा ने इस सभा में अपनी भावभीनी श्रद्धांजली देते हुए सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई एवं इस षडयंत्र में शामिल दोषियों पर कड़ी करवाई की मांग की। उन्होंने सुरक्षा में चूक पर भी सवाल उठाए। कार्यक्रम के अंत में संरक्षक जगदीश सिंवर शेखुपुरिया ने आए हुए लोगों को धन्यवाद उद्बोधन दिया एवं आर्य समाज की गति विधियों पर प्रकाश डाला। गांव-गांव में आर्य विचारधारा को फैलाने, दहेज प्रथा, नशा मुक्ति आदि कार्यों को फैलाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में कार्यकारिणी से मंत्री ओमप्रकाश खर्रा, शमशेर सिंह आर्य, रामप्रताप सरपंच, राजेंद्र बैनीवाल, श्योचंद्र बैनीवाल आदि मौजूद रहे।

---

## शहर का सर्वाधिक सुंदर होगा भादरा तालाब पार्क: चेयरमैन

- भादरा तालाब पार्क में सफाई अभियान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

नगरपरिषद सिरसा के चेयरमैन शांतिस्वरूप ने सोमवार को भादरा तालाब पार्क पहुंचे और वहां के सफाई अभियान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ पार्षद हेमकांत शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि पंकज सर्राफ, राजीव सैनी भी मौजूद थे। इस दौरान नगरपरिषद सिरसा के चेयरमैन शांतिस्वरूप ने इस पार्क में बेहतर सफाई व्यवस्था और होने वाले विकास कार्यों के लिए 4 पार्षदों की कमेटी गठित की जिसमें वे स्वयं शामिल रहेंगे। चेयरमैन शांतिस्वरूप ने पार्षद प्रतिनिधि पंकज सर्राफ को आश्वस्त किया कि इस पार्क को सिरसा का सर्वश्रेष्ठ पार्क बनाया जाएगा और इसके विकास के लिए धन राशि में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्कों के पुराने ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों की भी विभागीय जांच करवाई जाएगी।

## शिविर में 24 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। शिविर में रक्तदान करते लोग। फोटो: हरिभूमि

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सोमवार को स्थानीय बरनाला रोड स्थित रेडक्रॉस कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 24 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सामान्य अस्पताल सिरसा से चिकित्सा अधिकारी डा. हिमानी रेवाडिय़ा की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण ले रहे विद्यार्थियों, चौ. देवी लाल यूनिवर्सिटी की छात्राओं, नगर परिषद कर्मचारियों, पीएनबी व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा रक्तदान किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने रक्तदान करने वालों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान करना बहुत ही पुण्य का काम है जो न केवल किसी जरूरतमंद का जीवन बचाता है बल्कि जिंदगी बचाकर उस परिवार के जीवन में खुशियों के ढेरों रंग भी भरता है। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्येक तीन माह के पश्चात रक्तदान करना चाहिए।

## पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की मासिक बैठक का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला फतेहाबाद की बैठक टिब्बा कॉलोनी स्थित श्रीराम आश्रम शिव मंदिर प्रांगण रतिया में हिसार मंडल प्रभारी मदन गोपाल आर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण से हुई,जिसे पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी धर्मवीर ललित ने किया। बैठक में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा के दौरान मंडल प्रभारी आर्य ने जिला समिति को विशेष बीमारियों से सम्बंधित योग शिविर लगाने, समिति को विस्तार देने हेतु सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर लगाने व नियमित योग कक्षाओं की संख्या बढ़ाने का आह्वान किया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी तरूण मेहता ने मंडल प्रभारी को विश्वास दिलाया कि आपने हमें जो लक्ष्य दिया है, उसको हम सब मिलकर जरूर पूरा करेंगे। इस मौके पर तहसील प्रभारी वीरेंद्र मेहता, प्रैस प्रवक्ता सुरेश मंगला, युवा प्रभारी संजीव गोयल, देवी लाल चन्दौरा, बलविंद्र सिंह, जिम्मी पाहवा, अनिल मेहता, दविंद्र बजाज, मनदीप कौर, कमलेश रानी आदि सदस्य मौजूद थे।

---

*विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ देकर नवाजा*

## क्रेसण्ट स्कूल में नई प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने पदभार संभाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



प्रधानाचार्या रितु

क्रेसण्ट स्कूल परिवार में रितु सिंधु ने विद्यालय की नई प्रधानाचार्या के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों का व्यापक अनुभव रखने वाली प्रधानाचार्या रितु सिंधु दिल्ली पब्लिक स्कूल गुडगांव, सूरज स्कूल गुडगांव, जीडी गोयन्का इंटरनेशनल स्कूल सहित देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवा प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्कूल के नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रधानाचार्या रितु सिंधु का तिलक करते हुए व कोऑर्डिनेटर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन करके सभी के साथ संवाद करके अपना परिचय सांझा किया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने शिक्षा में नवाचार एवं उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से भी सम्मान प्राप्त किया है। उनके नेतृत्व में स्कूल के शैक्षणिक स्तर में नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने की आशा है। विद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएँ देते उनके नेतृत्व में एक उज्वल भविष्य की कामना की।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

जिला न्यायालय परिसर में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम में केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 10 मई को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

*मांगों को लेकर किया विचार*

## हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की मासिक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रिटायर्ड डीपीसी सहीराम चाहर ने की। इस मौके पर राज्य उपप्रधान गुरदीप सैनी व सहीराम चाहर ने कहा कि वे पेंशनर समाज के लोगों की मांगों को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि समाज की मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर जिला प्रधान राजेंद्र मोहन गुप्ता ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 8वें वेतन आयोग को लागू करने से पहले ही रिटायर्ड पेंशनर की पेंशन में बढ़ोत्तरी बंद करने जा रही है। 31 दिसबर 2025 तक के रिटायर कर्मचारियोंको इसका लाभ नहीं दिया जाएगा, जिससे पूरे भारत में इसके प्रति भारी रोष है। इसका खामियाजा सरकार को आगामी समय में भुगतना पड़ेगा। इस मौके पर महासचिव अजीत सिंह रंगा, कैशियर राजकुमार खुंगर, केवल कृष्ण सोनी, फतेह सिंह विर्क, कुलवंत सिंह, महेंद्र स्वामी, टीएल मक्कड़, जगमिंद्र सिंह, दलबीर भांभू आदि मौजूद रहे।

---

### श्री ब्राह्मण सभा ने धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती

# भगवान श्री परशुराम ने हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ समाज हित के लिए कार्य किया : देवी दयाल तायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। देवीलाल तायल को सम्मानित करते श्री ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी।

श्री ब्राह्मण सभा फतेहाबाद द्वारा भगवान श्री परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में पुरानी कचहरी रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रमुख समाजसेवी देवी दयाल तायल ने भाग लिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चिकनवास स्थित कल्पना चावला एजुकेशन संस्थान के निर्देशक महेश शर्मा व रामनिवास सारस्वत सरवरपुर वाले थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्री परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए किया। इस मौके पर समाजसेवी देवी दयाल तायल ने ब्राह्मण सभा द्वारा निर्माणधीन धर्मशाला के लिए 11 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग दिया। इसके इलावा अनेक समाज सेवियों ने ब्राह्मण सभा का आर्थिक सहयोग देकर धर्मशाला निर्माण में सहयोग किया। श्री ब्राह्मण सभा फतेहाबाद के प्रधान रामनिवास शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और धर्मशाला निर्माण को लेकर चल रहे कार्यों बारे विस्तार से जानकारी दी। मंच संचालन सुरेश शर्मा, पूर्व बीईओ ने किया। इससे पूर्व परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में शहर में भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई।

#### शस्त्र व शास्त्रों के थे ज्ञाता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेवी देवी दयाल तायल ने कहा कि भगवान श्री परशुराम शस्त्र व शास्त्रों के ज्ञाता थे। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा ही देश को दिशा दिखाई है। सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाला ही सही मायने में ब्राह्मण है और भगवान परशुराम का सच्चा अनुयायी है। ब्राह्मण सभा प्रधान रामनिवास शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम प्रकाश पुंज की तरह हमारे समाज की धरोहर हैं। उन्होंने हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ सर्व समाज के हित के लिए कार्य किया। आज हम सभी का संकल्प है कि समाज उत्थान के लिए उनके विचार को आगे बढाएं। उन्होंने कहा कि समाज को भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलते हुए एकजुटता पर बल देना चाहिए। अंत में सभा द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ब्राह्मण सभा के उप प्रधान एडवोकेट अजय शर्मा, सचिव बजरंग लाल शर्मा, मास्टर राजेंद्र शर्मा, लक्ष्य शर्मा, सह सचिव विकास शर्मा, कोषाध्यक्ष विकास सारस्वत, हरिराम शर्मा, डॉ. सीताराम शर्मा, डॉ. सुभाष शर्मा, भाजपा नेता जगदीश शर्मा, विजेंद्र शर्मा, जगदीश सारस्वत, रोशन लाल धांगड़ वाले, रोहतास शर्मा, प्रदीप शर्मा, पंडित चरणजीत शर्मा भंडारे वाले, हरीश शर्मा, डॉ. नीरज शर्मा, अंकित शर्मा, बलवान शर्मा, सुभाष शर्मा फ्रूट वाले सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

---

### गांच खारियां रोड़ का मामला

## सरसों व गेहूं चुराने वाले दो आरोपी दबोचे

- खारिया निवासी राजबीर सिंह की शिकायत पर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

रानियां थाना पुलिस ने बीती 2 मई को थाना क्षेत्र के गांव खारियां रोड़ जोधपुरिया से अज्ञात युवकों द्वारा रात्रि के समय एक व्यक्ति के घर में घुस कर 17 बैग गेहूं व 3 बैग सरसों चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए दो आरोपियों को काबू कर लिया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि खारिया निवासी राजबीर सिंह पुत्र रणबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका मकान जोधपुरिया रोड पर स्थित है और वह खेती बाड़ी का काम करता है । बीती 2 मई की रात्रि को अज्ञात युवकों ने उसके घर में 17 कट्टे गेहूं तथा 3 बैग सरसों के चोरी करते ले गए है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ रानियां थाना में चोरी का अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई थी । जांच के दौरान रानियां थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को नानुआना रोड़ रानियां क्षेत्र से काबू कर लिए है । गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुखदेव सिंह पुत्र करनैल सिंह व निशान सिंह पुत्र जोगा सिंह निवासियान वार्ड नंबर 15 रानियां के रुप में हुई है।

## राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

# मनोहर लाल का जीवन समाज के लिए एक प्रेरणा : सुभाष बराला

### सांसद ने केंद्रीय मंत्री के जन्म दिन पर रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ

*राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि मनोहर लाल ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव जनसेवा, पारदर्शिता और मूल्यों पर आधारित राजनीति को प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने हरियाणा को एक नई दिशा दी। 'हरियाणा एक, हरियाणवी एक, समान विकास, समान रोजगार जैसे क्रांतिकारी योजनाओं के साथ उन्होंने पूरे प्रदेश में विकास की नई लहर चलाई।*

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने केंद्रीय बिजली, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की। इस अवसर पर सोमवार को शहरी मंडल टोहाना द्वारा संगम अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि मनोहर लाल ने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव जनसेवा, पारदर्शिता और मूल्यों पर आधारित राजनीति को प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने हरियाणा को एक नई दिशा दी। 'हरियाणा एक, हरियाणवी एक, समान विकास, समान रोजगार जैसे क्रांतिकारी योजनाओं के साथ उन्होंने पूरे प्रदेश में विकास की नई लहर चलाई। वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उसी निरंतरता और समर्पण के साथ जनता की सेवा में लगे हुए हैं। बराला ने कहा कि यह रक्तदान शिविर न केवल एक सामाजिक सेवा का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि कैसे युवाओं की ऊर्जा और समर्पण समाज निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल का जीवन समाज के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता की मिसाल कायम की, बल्कि भ्रष्टाचार-मुक्त शासन को साकार रूप दिया। इस मौके पर सतपाल नन्हेड़ी, मंडल अध्यक्ष रमन मडिया, किरण शर्मा, नरेंद्र गर्ग, रविंद्र मेहता, जीवन बंसल, जगमेल कटारिया, बली प्रधान, ईश्वर फौजी, दीपक बंसल सहित अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्म दिवस पर गौ ग्रास केक काटते सांसद सुभाष बराला।

#### नंदीशाला में गो ग्रास केक काटकर मनाया जन्मदिन

*राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कार्यकर्ताओं के साथ शिव नंदीशाला में गौ ग्रास केक काटकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने गौमाता को हरा चारा अर्पित कर केंद्रीय मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की। उन्होंने कहा गौसेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं। आज के शुभ अवसर पर गौमाता को हरा चारा खिलाकर हमने केन्द्रीय मंत्री के जीवन में समृद्धि, ऊर्जा और दीर्घायु की प्रार्थना की है। इस दौरान उन्होंने नंदीशाला में गौमाता की सेवा के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा भी लिया और प्रबंधन समिति की सराहना की।*

केन्द्रीय मंत्री के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किया रक्तदान

## राजनीति ही नहीं, सामाजिक कार्यों में आगे रहते हैं भाजपा कार्यकर्ता : जोड़ा

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला भाजपा द्वारा भूना रोड स्थित जिला कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित यह शिविर युवा पीढ़ी को रक्तदान करने लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम, जिला अध्यक्ष प्रवीन जोड़ा, हरियाणा सरकार में चेयरमैन भारत भूषण मिढा व वेद फुल्लां, हरियाणा डेयरी प्रकोष्ठ के संयोजक राजपाल बेनीवाल ने मुख्य रूप से शिरकत की। भाजपा नेताओं ने रक्तदाताओं से से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया।भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजनीति नहीं, सामाजिक कार्य करती है। सामाजिक कार्य करके ही भाजपा जनकल्याणकारी कार्य करती है। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष डॉ सुमन बजाज, जिला महामंत्री अशोक जाखड़, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, वाइस चैयरमेन सविता टुटेजा, जिला परिषद प्रतिनिधि सुभाष खिचड़, मनजीत गोस्वामी, विकास शर्मा, अंकित सिंगला, जसवंत माचरा, कंवल चौधरी व अन्य मौजूद रहे।

**पूर्व सीएम मनोहर की लंबी आयु कामना**



फतेहाबाद। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते भाजपा नेता।

## केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के जन्मदिन पर 217 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चोपटा के शिव धर्मशाला मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया किया गया। जिसमें 217 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभांरभ हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कप्तान मीनू बैनीवाल ने किया। शिविर में वरदान चैरिटेबल ब्लड सेंटर की टीम ने 217 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदान शिविर का शुभांरभ करते हुए हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कप्तान मीनू बैनीवाल ने कहा कि केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने आदर्शवादी एवं सिद्धांतवादी सियासत में एक मिसाल कायम की है। साढ़े 9 वर्षों तक हरियाणा का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रत्येक वर्ग को राहत दी, सुशासन की स्थापना की और विकास को रफ्तार दी है। इस अवसर पर जिला पार्षद नंदलाल बेनीवाल, नाथूसरी कलां के सरपंच प्रतिनिधि जगतपाल कासनियां, रामभगत श्योराण, पंचायत समिति के उपचेयरमैन मांगेराम पूनिया, बलराम कासनियां, डा. विक्रम सिंह ढिल्लों व अन्य मौजूद रहे।






अतिथि को सम्मानित करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य

## जन्मदिन पर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस पर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव भवानी सिंह के नेतृत्व में गांव हिजरावां खुर्द में रक्तदान शिविर व नशामुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यकम्र में हाल ही में नशे से अपने बेटे को खोने वाले गांव नागपुर के जग्गा सिंह ने बतौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के प्रधान भवानी सिंह ने कहा कि नशा हमारे लिए एक अभिशाप है। नशे ने हमारी भावी पीढ़ी को अपनी चपेट में ले लिया है। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नशा को खत्म करने के लिए हमेशा ही प्रयास किया व पूर्व में अपने जन्म दिवस पर साइक्लोथान यात्रा शुरू कर नशे को खत्म करने का प्रयास किया और इसी को जारी रखते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी भी दिन रात एक किए हुए है। उन्होंने कहा कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट का एक ही लक्ष्य है कि फतेहाबाद जिले को नशा मुक्त किया जाए। उन्होने ग्राम वासियों से अपील की कि यदि संपूर्ण गांव नशा बेचने वालों के खिलाफ हो जाए तो वह दिन दूर नहीं जब उनका गांव नशा मुक्त हो। भवानी सिंह ने सैंकड़ों लोगों को नशे के विरूद्ध शपथ दिलाई। उन्होंने स्वयं रक्त किया व उपस्थित रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमोद ठाकुर, डॉ. मनोज पारस सिंगला, अमन राघव, मदन ठाकुर, डॉ. अशोक, अमृत बल, धर्मपाल, रामकिशन नंबरदार, अशोक नंबरदार, विपिन कुमार, महेंद्र कंबोज, डॉ. सुरेन्द्र पुनिया, रेड क्रॉस से दलबीर सिंह, राजेश राईका, राजेश बिश्नोई, कर्ण सिंह ढिल्लो, गुरदीप सिंह, गुरभेज रंधावा, सरपंच विक्की हिजरावां, संजविंदर सिंह, सरपंच सुनील राठौर सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जिला व उपमंडल स्तर पर द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर फतेहाबाद व उपमंडल न्यायालय परिसर रतिया और टोहाना में 10 मई को इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में क्रिमिनल कंपाउंडेबल केस, 138 एनआई एक्ट केस व अन्य केसों की सुनवाई होती है।

## बीएड कॉलेज में विदाई समारोह, राहुल मिस्टर फेयरवेल और शाइना मिस फेयरवेल चुनी गई

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

मनोहर शिक्षण महाविद्यालय में बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जनक रानी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार प्रस्तुति दी। इसके बाद बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स आयोजित हुए और उन्हें टाइटल प्रदान करके विदाई दी गई। कार्यक्रम में द्वितीय वर्ष के छात्रों ने कॉलेज में अपने 2 साल के अनुभव को भी अन्य विद्यार्थियों के सांझा किया और इसे अपने जीवन का यादगार पल बताया। कार्यक्रम में राहुल को मिस्टर फेयरवेल और शाइना को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त स्टाफ सदस्यों ने द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर शिक्षक मौजूद रहे।

**टाइटल प्रदान कर दी विदाई**



फतेहाबाद। बीएड कॉलेज में मिस्टर व मिस फेयरवेल को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. जनक रानी।



फतेहाबाद। वॉटर कूलर का शुभारंभ करते अखिल भारतीय धर्म सभा के सदस्य।

### अखिल भारतीय धर्मसभा ने पुराने बस स्टैंड पर लगाया ठंडे पानी का प्याऊ

**फतेहाबाद।** गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर अखिल भारतीय धर्म सभा की ओर से स्थानीय पुराने बस अड्डे के सामने वाटर कूलर लगा कर ठंडे पानी की प्याऊ का शुभारंभ किया। सभा के प्रधान डॉ. दीपक टांटिया की अध्यक्षता में शुभारंभ अवसर पर सभा के पदाधिकारी, सदस्य और शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। डा. दीपक टांटिया ने बताया कि धर्म सभा ने पिछले वर्ष 500 लीटर का वाटर कूलर नया बस अड्डा पर भी लगाया था। इस वर्ष पुराना बस अड्डा पर यात्रियों की सुविधा के लिए ठण्डा पानी की प्याऊ की व्यवस्था की गई है। गौरतलब है कि अखिल भारतीय धर्म सभा फतेहाबाद पिछले 30 वर्षों से निरन्तर सामाजिक एवं धार्मिक कार्य करती आ रही है। इस अवसर पर पूनमचन्द बड़ोपलिया, उमेश गोयल, बजरंग दास वर्मा, विद्याधर गर्ग, सोहन लाल गोयल, सुरेन्द्र शर्मा, सुमीर अग्रवाल, अशवनी कम्पानी, डॉ. जसबीर सिंह, पवन कुमार आदि उपस्थित थे।

### मारपीट के आरोप में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने गांव गोरखपुर में नहर में मछलियां पकडने से रोकने पर एक युवक से लड़ाई-झगड़ा करने के मामले में कार्रवाई करते हुए बाप-बेटे को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवकों की हचान सतीश साहनी पुत्र भजन साहनी व उसके लडक़े करण कुमार निवासी भगवानपुर, बिहार हाल लहरियां के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 अप्रैल को गांव गोरखपुर निवासी कर्मबीर की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार शाम को जब वह नहर पुल से वापस खेत की तरफ आ रहा था तो गांव का शैनी पुत्र प्रताप व नसीब निवासी भूना अपने-अपने मोटरसाइकिलों पर अन्य युवकों के साथ आए बाइक पर दो अन्य युवकों के साथ आए और उसे अपने साथ ले गए। उसके खेत के पास बिहारी युवक नहर में मछलियां पकड़ते हैं, जब उसने इन लोगों ने नहर में जाल लगाने से मना किया तो शैनी व उसके साथियों ने उसके साथ लड़ाई झगड़ा करना शुरू कर दिया और हमला कर घायल कर दिया।

### झगड़े के आरोप में नाबालिग सहित तीन काबू

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक के साथ लड़ाई झगड़ा करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित तीन लोगों को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान कर्मबीर उर्फ फौजी पुत्र प्रहलाद सिंह, प्रिंस उर्फ प्रथम पुत्र ओमप्रकाश निवासी अशोक नगर व एक नाबालिग के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 4 मार्च को अशोक नगर निवासी कृष्ण कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार जब वह भूना मोड, भागीरथ चौक के पास पहुंचा तो मोटरसाइकिल पर आए फौजी, पारस व दो अन्य युवकों ने उसके साथ लड़ाई झगड़ा करनाा शुरू कर दिया और हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस मामले में फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर एक नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, मॉक ड्रिल भी हुई

## शारीरिक व मानसिक फिटनेस के लिए की परेड, पुलिस कर्मियों ने लगाई दौड़

असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा : जैन

*मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि पुलिस कर्मचारियों की कार्य कुशल को और अधिक बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान उन्होंने इस मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस लाइन में पुलिस कर्मचारियों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए परेड करवाई गई। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों से दौड़ भी लगवाई गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने परेड का निरीक्षण किया। इसके अलावा जिला में कानून व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर पुलिस लाइन में दंगा निरोधक पुलिस कंपनियों को मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इस दौरान पुलिस बल को विशेष ट्रेनिंग दी गई, जिससे जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए यह पुलिस बल हमेशा तैयार रहेगा। इस मॉक ड्रिल में उप पुलिस अधीक्षक व निरीक्षक स्तर के अधिकारियों से लेकर फतेहाबाद पुलिस में तैनात सिपाही तक सभी को प्रशिक्षण दिया गया है। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि पुलिस कर्मचारियों की कार्य कुशल को और अधिक बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान उन्होंने इस मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। जहां भी उन्हें कमी मिली उसे दूर करने के आदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि जब जिले में किसी प्रकार का माहौल बिगड़ता है तो पुलिस कर्मचारियों के पास ट्रेनिंग का अभ्यास न होने के कारण समय पर दंगा नहीं रोक पाती। इसी को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर इस तरह के ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किए जाते है। उन्होंने कहा कि कई बार पुलिस कर्मचारी ट्रेनिग के बाद इसका अभ्यास करने का मौका भी नहीं मिला, इसलिए समय-समय पर इस तरह की ट्रेनिंग आयोजित की जाती है ताकि पुलिस कर्मचारियों को जो ट्रेनिंग मिली है वो भूले ना। मॉक ड्रिल में पुलिस कर्मचारियों को भीड़ को तितर-बितर करने व दंगा निरोधक गतिविधियों पर कैसे काबू पाया जाए, के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा विशेषज्ञों की टीम द्वारा पुलिस कर्मचारियों कोआंसू गैस के गोले छोडऩा व भीड़ को तितर-बितर करने के लिए कनसील्ड व डंडे के साथ अभ्यास करवाया गया। अगर कहीं पर भी असामाजिक तत्व माहौल बिगाडऩे की कोशिश करते हैं तो उनसे कैसे सख्ती से निपटा जाए तथा उनके साथ कानूनी कार्रवाई के तहत बल काप्रदर्शन कर उसका सही प्रयोग किया जाए, इसके बारे में भी प्रशिक्षित किया गया।




फतेहाबाद। परेड का निरीक्षण करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो :हरिभूमि

### मंडियों में अब तक 165218 क्विंटल सरसों की हुई आवक

**फतेहाबाद।** जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 165218 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 18888 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 101249 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 45081 क्विंटल की आवक हुई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 148393 क्विंटल सरसों फसल का उठान हो चुका है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 6980 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 96332 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 45081 क्विंटल सरसों फसल का उठान किया गया है। इसके साथ ही जिला में अब तक 151301 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 12963 क्विंटल की आवक दर्ज की गई।